उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यू–सर्क)
सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग, (उत्तराखण्ड शासन)
21/4 ई०सी० रोड, देहरादून, ईमेल: u.serc@rediffmail.com

संख्या: यू–सर्क/प्रोजे०/2023–24/40 दिनांक: 20 मई 2023

सूचना

उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) उत्तराखण्ड राज्य में विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान सम्बन्धी विविध क्रियाकलापों द्वारा छात्रों, अध्यापकों, वैज्ञानिक संस्थाओं एवं सामान्य जनमानस तक विज्ञान एवं अनुसंधान के लाभों को पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में यूसर्क विभिन्न शासकीय संस्थाओं, विभिन्न शिक्षण एवं तकनीकी संस्थानों, सरकारी एवं गैरसरकारी संगठनों के साथ मिलकर सहयोगात्मक रूप से विभिन्न कार्यक्रमों को सम्पादित करता रहा है।

अतएव प्रदेश के शोध संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, तकनीकी संस्थानों, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं से प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की सहायता से विकास हेतु राज्य में प्रौद्योगिकी आधारित विज्ञान शिक्षा का प्रसार, पर्यावरण एवं संरक्षण कार्यक्रम, आउटरीच कार्यक्रम, शोध एवं विकास (R&D) गतिविधियों इत्यादि विषयों पर सहयोगात्मक रूप से कार्यक्रमों के सम्पादन हेतु औचित्यपूर्ण प्रस्ताव आमन्त्रित है। प्रस्ताव प्राप्ति की अन्तिम तिथि 05 जून 2023 होगी।

प्रो० (डा०) अनीता रावत
निदेशक